**श्री संजय कुमार पाण्डेय, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त निवेदन प्रश्न संख्या–568/2026 का उत्तर प्रतिवेदन।**

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| पश्चिमी चम्पारण (बेतिया) जिला के नरकटियागंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत धमिनहा नहर से निकलने वाली उप–नहर में पानी नहीं आ रहा है, जिसके कारण किसानों को खेती करने में काफी कठिनाई हो रही है। धामिनहा नहर, से निकलने वाली मुसहरावा, बसवरिया एवं हरनहीया होते हुए हिच्छोपाल पनडई नदी में मिलती है, लेकिन अभी तक उक्त नहर में पानी की आपूर्ति नहीं किया गया है।<br><br>अतः मैं, सदन के माध्यम से धामिनहा नहर से निकलने वाली मुसहरावा, बसवरिया एवं हरनहीया होते हुए हिच्छोपाल नहर में किसानों के पटवन हेतु पानी आपूर्ति करवाने हेतु निवेदन करता हूँ। | वस्तुस्थिति यह है कि<br>पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज प्रखड से होकर त्रिवेणी शाखा नहर प्रवाहित होती है तथा त्रिवेणी शाखा नहर के कि0मी0 72.81 (दायाँ) से बेलवासाठी वितरणी निःसृत है। प्रश्नगत नहर धमिनहा नहर ना होकर अपितु बसवरिया लघुनहर है, जो बेलवासाठी वितरणी के कि0मी0 21.64 (बायाँ) से निकलती है। बसवरिया लघुनहर का रूपांकित जलश्राव 18 क्यूसेक है तथा इसके माध्यम से मुशहरवा, बसवरिया, हरनहीया एवं हिच्छोपाल के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाता है।<br>बसवरिया लघुनहर के पुनर्स्थापन का कार्य VB-G RAM G (मनरेगा) के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। |

## बिहार सरकार
## <u>जल संसाधन विभाग</u>

**ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(मो0)–03–43/2026–** **पटना, दिनांक–**

**प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–1178 दिनांक–08.05.2026 के प्रसंग में निवेदन सं0–568/26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।**

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

**ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(मो0)–03–43/2026–** **पटना, दिनांक–**

**प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।**

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(मो0)–03–43 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(मो0)–03–43 / 2026– 3647 पटना, दिनांक– 13/08/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.08.26

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

13.8.26